Director, Informt Centre

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर

क्रमांक–एफ23(64)लेखा/आकाशि/छात्र./अजीम प्रेमजी छात्र./2024–25/ई–17798/86 दिनांक– 12.08.2024

समस्त रजिस्ट्रार/प्राचार्य
वित्तपोषित विश्वविद्यालय/निजी विश्वविद्यालय
राजकीय/निजी महाविद्यालय,
राजस्थान।

Circulate 14/8

6302
14-8-2024

विषयः–अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप प्रोग्राम शैक्षणिक वर्ष 2024–25 हेतु प्रचार–प्रसार के संबंध।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन से प्राप्त पत्र के अनुसार फाउण्डेशन द्वारा भारत में शिक्षा की गुणवत्ता और समानता को बेहतर करने प्रयास में अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप प्रोग्राम के तहत जरूरतमंद छात्राओं को कॉलेज की शिक्षा प्राप्त करने में आ रही कठिनाईयों के लिए छात्रवृति प्रदान करके मदद करने की नवीन पहल प्रारम्भ करने का प्रयास किया जा रहा है। इस प्रोग्राम के तहत शैक्षणिक वर्ष 2024–25 के लिए छात्राओं के आवेदन सितंबर 2024 के दूसरे सप्ताह से स्वीकार किए जाऐंगे। उक्त स्कॉलरशिप प्रोग्राम के तहत चयनित छात्राओं को स्नातक डिग्री/डिप्लोमा की पूरी अवधि के लिए प्रतिवर्ष 30000 रूपये की छात्रवृति प्रदान की जावेगी। उक्त प्रोग्राम की जानकारी अधिक से अधिक छात्राओं तक पहुंचाने हेतु प्रचार–प्रसार करने के लिए विश्वविद्यालय/महाविद्यालय सूचना पट्ट, विश्वविद्यालय/महाविद्यालय वेबसाइट, बैनर इत्यादि का उपयोग किया जावें, जिससे उच्च शिक्षा में अध्ययनरत छात्राएं लाभान्वित हो सकें।

संलग्न–उपरोक्तानुसार।

आयुक्त
कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर

क्रमांक–एफ23(64)लेखा/आकाशि/छात्र./अजीम प्रेमजी छात्र./2024–25/ई–17798/86 दिनांक–12.08.2024

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1. अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, जयपुर।
2. वेबसाइट प्रभारी, वेबसाइट पर अपलोड हेतु।

आयुक्त

RajKaj Ref
9671835

Signature valid
Digitally signed by Kunal Vishnoi
Designation: Joint Director
Date: 2024.08.08 17:58:15 IST
Reason: Approved